

# कृषि वर्ष की कार्ययोजना में फसल विविधीकरण को शामिल करें : जामोद

## मक्का, ज्वार के लिए किसानों को करें प्रेरित, सात दिन में कार्य योजना प्रस्तुत करें



नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कृषि तथा उससे जुड़े विभागों के कार्यों की समीक्षा की. कमिश्नर ने कहा कि खेती ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का आधार है. खेती को उन्नत बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. वर्तमान वर्ष को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है.**

सभी उप संचालक कृषि सात दिनों में कृषि वर्ष की माहवार कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें. इस कार्य योजना में फसल विविधीकरण नरवाई प्रबंधन और पानी तथा खाद के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों को शामिल करें. किसान की आय दुगना करने के लिए उसे उद्यानिकी फसलों, मसाले की खेती और मछलीपालन से जोड़े. कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास करें. अभी से किसानों को उड़द, मक्का, ज्वार, मूंगफली, अलसी, सरसों अरहर, मसूर तथा कोदो की खेती के लिए प्रेरित करें. जायद फसलों में उड़द, मूंग और तिल की बोनी करायें. प्राकृतिक खेती के लिए क्लस्टर बनाकर किसानों का पंजीयन किया गया है. प्राकृतिक और जैविक खेती करने वाले किसानों की गौशालाओं से मैपिंग करायें. नरवाई प्रबंधन के लिए विशेष प्रयास करें. गर्मी की फसल के बाद गहरी जुताई तथा धान की फसल के बाद हैप्पी सीडर सुपर सीडर का उपयोग के लिए किसानों को प्रेरित करें. बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त संचालक कृषि यूपी बागरी आदि मौजूद रहे.

### चित्रकूट में गुलाब की खेती को बढ़ावा दें

कमिश्नर ने कहा कि संभाग में उद्यानिकी फसलों की अच्छी पैदावार है. इसके विस्तार के प्रयास करें. टमाटर, मटर, बैगन, भिंडी, शिमला मिर्च, लौकी, कद्दू, प्याज आदि के क्षेत्र में विस्तार करायें. मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के अनुरूप मैहर तथा चित्रकूट में फूलों विशेषकर गुलाब की खेती को बढ़ावा दें. कमिश्नर ने उप संचालक मछली पालन को वायोफ्लाक, आरएएस और क्रेज के माध्यम से मछलीपालन बढ़ाने के निर्देश दिए. उप संचालक ने बताया कि रीवा में गोविंदगढ़ तालाब, मऊगंज के गोरिपरा बांध तथा मैहर में अंधियारी डैम में मछलीपालन क्रेज लगाये जा रहे हैं.

# उद्यामियों की मांग के अनुसार व्यावसायिक और तकनीकी कोर्स चलाएं : बीएस जामोद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा शिक्षा को रोजगार से जोड़ने के लिए अनूठी पहल की गयी है. इसके लिए कमिश्नर कार्यालय सभागार में संभाग के शिक्षा तकनीकी शिक्षा तथा उच्च शिक्षा के अधिकारियों में संभाग के प्रमुख उद्योगपत्तियों के साथ संवाद किया.**

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि शिक्षा विकास की कुंजी है शिक्षा विद्यार्थी के जीवन को नई दिशा देती है. शिक्षा को विद्यार्थी को ज्ञानवान बनाने के साथ उसकी प्रतिभा के अनुरूप रोजगार के अवसर भी देनी चाहिए. रोजगामूलक शिक्षा से ही विकास को गति मिलेगी. रीवा संभाग के उद्यामियों को उनकी उद्यम के आवश्यकता के अनुसार तकनीकी रूप से कुशल और सक्षम व्यक्ति उपलब्ध कराये जायेंगे. इसके लिए आवश्यक हुआ तो इंजीनियरिंग कालेज, पालीटेक्निक और आईटीआई में नये कोर्स भी शुरू किये जायेंगे. शिक्षा विभाग के अधिकारी और उद्यमी समन्वय से विद्यार्थियों को रोजगार देने के अवसरों का सृजन करें. कमिश्नर ने कहा कि शीघ्र ही जिला स्तर पर उद्यमियों के साथ बैठक करके उनके उद्यम की आवश्यकता के अनुसार विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की कार्ययोजना बनाई जायेगी. सीमेंट टेक्नालॉजी, थर्मल पावर खाद प्रसंस्करण उद्योग, आधुनिक मशीनों के संचालन, मोटर मैकेनिक सहित विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जायेगा. पिछले तीन वर्षों में प्रशिक्षित विद्यार्थियों की सूची मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी निर्देशक के माध्यम से उद्योगपतियों को उपलब्ध कराई जायेगी. जहां आवश्यकता होगी वहां उद्यमियों के कुशल तकनीशियनों का उपयोग आईटीआई में मास्टर ट्रेनर के रूप में किया जायेगा. उद्यमों की मांग के अनुसार एकाउंटेंट भी उपलब्ध कराये जायेंगे. बैठक में उद्योगपत्तियों ने तकनीकी शिक्षा तथा प्रशिक्षण के संबंध में उपयोगी सुझाव दिये. बैठक में अधिकारीगण मौजूद रहे.



## वित्तीय साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 फरवरी, आरबीआई वर्ष 2016 से हर साल वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन कर रहा है.**

इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह की थीम 'केवाईसी' रखी गई है, जिसका शीर्षक है 'केवाईसी-सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम' इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्मार्ट और सुरक्षित वित्तीय निर्णय लेने में सहायता करना है. यूनियन बैंक मऊगंज के ब्रांच मैनेजर देवाशीष सरकार एवं असिस्टेंट मैनेजर सिद्धार्थ पांडे द्वारा केवाईसी रथ को रवाना किया गया. इस सप्ताह विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संपूर्ण राज्य में आयोजित किए जायेंगे. ब्रांच मैनेजर ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे इस वित्तीय साक्षरता सप्ताह का उपयोग अपने ग्राहकों के बीच केवाईसी के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए करें. उन्होंने धोखाधड़ी तथा खातों के दुरुपयोग के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर भी जोर दिया. कार्यक्रम में असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर सिद्धार्थ पांडे, अंबुज सिंह, टीएसपी आंचल सिंह मौजूद रही.

# ब्रह्माकुमारीज मऊगंज में शिव ध्वज फहराया

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 फरवरी, महाशिवरात्रि महोत्सव के पावन उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में शिवपरमात्मा का पावन ध्वज फहराया गया और संपूर्ण वातावरण भक्ति, शक्ति और शांति की अनुभूति से ओतप्रोत हो उठा. बकार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजयोगिनी बीके निर्मला, जोनल डायरेक्टर भोपाल विशेष रूप से पधारीं. कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष बृजवासी पटेल ने की. मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेश पटेल एवं प्रोफेसर आर वी पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. रीवा की प्रभारी संचालिका बीके लता बहन एवं मऊगंज की प्रभारी संचालिका बीके पूर्णिमा बहन की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष ऊर्जा प्रदान की. सब इंजीनियर अवनीश, समाजसेवी आशा पटेल, स्पोर्ट्स ऑफिसर बृजकांत साकेत, नगर पालिका कर्मचारी शमीम अख्तर, व्यापारी निखिल गुप्ता, हीरालाल गुप्ता, शशि भूषण मिश्रा, शकुंतला मिश्रा मौजूद रही.

# शासकीय स्नातक महाविद्यालय में बताया गया इंटरनेट का फायदा

नवभारत न्यूज

**गुढ़ 13 फरवरी, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ में इंटरनेट डे पर कार्यक्रम मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ अमित कुमार मिश्र ने किया.**



जिसमें उन्होंने बताया कि इंटरनेट के क्या फायदे हैं और क्या नुकसान है तथा डॉ. संदीप कपूर ने इंटरनेट से होने वाले लाभ और नुकसान के विषय में अवगत कराया तथा डॉ. व्यास नारायण मिश्रा ने भी इंटरनेट डे पर अपने वक्तव्य से छात्रों को बताया कि मति के अनुसार इंटरनेट का प्रयोग करें इंटरनेट के क्राइम से बचने का प्रयास करें. अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी ज़ी द्वारा सुई और आँख का उदाहरण देते हुए इंटरनेट प्रयोग करने की विधि को समझाया. कार्यक्रम का संयोजन डॉ. राकेश कुमार अग्रवाल ने किया.

इस अवसर पर प्राचार्य आर के तिवारी, श्रीमती रेखा मिश्रा, डॉ व्यास नारायण मिश्रा, डा. राम द्विवेदी, डॉ.संदीप कपूर, डा. अरुण कुमार सोनी, डॉ. अरविंद कुमार उपाध्याय, डॉ. भारत भूषण दुवे, रेखा प्यासी, नीलम मिश्रा मौजूद रही.



जनपद सभागार में समीक्षा बैठक लेते जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी

# रूचि सोनी को मिली पीएचडी की उपाधि

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 13 फरवरी, रीवा जिले के गुढ़ तहसील क्षेत्र की प्रतिभाशाली शोधार्थी डॉ. रूचि सोनी पति राजीव अवधिया एवं पिता घनश्याम सोनी को 10 फरवरी को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई.**

उन्होंने अपना शोध कार्य 'गरीबी उन्मूलन योजनाओं की प्रभावशीलता का आलोचनात्मक मूल्यांकन (सीधी जिले के विशेष संदर्भ में)' विषय पर पूर्ण किया. यह शोध प्रो. डॉ. रवि प्रकाश पाण्डेय के निर्देशन एवं सह-निर्देशक प्रो. डॉ. प्रभाकर सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक



संपन्न हुआ. इस उपलब्धि पर उनके परिवार, मित्रों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का वातावरण है. शिक्षकों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं. डॉ. रूचि सोनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता श्री घनश्याम सोनी एवं श्रीमती राजकली सोनी, सास-ससुर श्री फूलचन्द्र अधिया एवं श्रीमती देवकी अवधिया, मार्गदर्शकों डॉ. गुलाम मोहहर मोहईदीन एवं डॉ. दिलीप सोनी सहित परिवारजनों नीरज सोनी, सतीश सोनी एवं सचिन सोनी को दिया है.

## मऊगंज और मैहर में जिला संयोजक कार्यालय प्रमुख घोषित

मऊगंज, 13 फरवरी, नवगठित मऊगंज और मैहर जिले में जनजातीय कार्य विभाग में जिला संयोजक के पद को स्वीकृत दी गयी है. इसके साथ ही जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को कार्यालय प्रमुख घोषित किया गया है. इस संबंध में जनजातीय कार्य विभाग संचालनालय से आदेश जारी कर दिये.

# जिला पंचायत में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 फरवरी, मऊगंज जिले के जनपद पंचायत हनुमना के सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता मे मनरेगा व आवास आदि योजनायों की ग्राम पंचायतवार एवं सीएफटीवार समीक्षा की गई.**

जिसमें जनपद पंचायत हनुमना सें मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरभि श्रीवास्तव, सहायक यंत्री,एपीओं, एएओं, बीसी आवास, बीसी, एसबीएम, पीसीओ, एडीईओं, उपयंत्री, एसआरएलएम के बीएम व एबीएम, एवं सचिव व ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहें. बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीसरी किस्त प्राप्त हितग्राहियों के आवास पूर्ण न होने के संबंध में सबसें कम प्रगति वाले 10 ग्राम पंचायतों की ग्राम पंचाययतवार समीक्षा की गयी साथ ही आवास के तहत समग्री सीडिग में व आवास स्वीकृति आदि की खराब प्रगति वालो की ग्राम पंचायत वार समीक्षा की गयी एवं एक सप्ताह में आपेक्षित प्रगति न आने पर कार्यवाही हेतु नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये गये. इसी तरह मनरेगा योजना के तहत एक बगिया मां के नाम के कार्यो में कार्यो की भौतिक व वित्तीय समीक्षा की गयी व खराब प्रगति वाले के बिरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये. जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अत्यधिक संख्या में अपूर्ण कार्य रहने वाली ग्राम पंचायतों की समीक्षा की गयी साथ ही एक सप्ताह के भीतर आपेक्षित प्रगति न होने मे कार्यवाही हेतु नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये गयें. उपयंत्री डी. के मिश्रा के उपस्थित न रहने पर कार्यवाही प्रस्तावित किये जाने निर्देश दिये गयें. इसी तरह कार्य में लापरवाही करने वाले अन्य लोगो के खिलाफ नोटिस देने के निर्देश दिये गये.

# पत्रकार ज्वाला प्रसाद गुप्त की 48 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 13 फरवरी, ग्रामीण अंचल की पत्रकारिता के आधार स्तंभ रहे स्वर्गीय ज्वाला प्रसाद गुप्त की 48 वीं पुण्यतिथि गत दिवस पत्रकार निवास गौरा रोड चाकघाट में मनाई गई.**




वरिष्ठ बघेली कवि सुधा कांत मिश्र 'बेलाला', महिंद्रा ट्रैक्टर एवं टीवीएस एजेंसी के संचालक मुन्नालाल केसरवानी, रामलीला कमेटी के संरक्षक राकेश कुमार गुप्ता, रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हनुमान प्रसाद केसरवानी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश कुमार केसरवानी, रामलीला कमेटी अध्यक्ष अभिषेक केशरवानी, श्री बड़े हनुमान मंदिर चाकघाट सेवा समिति के शिव शंकर केसरवानी, सन ब्राइट हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक नीरज सिंह चौहान, पार्षद प्रतिनिधि मनोज कुमार सोनी, संतलाल एंड संस के संचालक गौ भक्त कृष्ण कुमार केसरवानी, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, जानवी मेडिकल के संचालक बृजेश कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, समाजसेवी रामजी गुप्ता सहित अनेक बुद्धिजीवी एवं सामाजिक जन उपस्थित रहे. कई वक्ताओं ने पत्रकार स्वर्गीय ज्वाला प्रसाद गुप्त के कृतित्व एवं व्यक्तित्व से संबंधित कई संस्मरण रोचक तरीके से प्रस्तुत किया. आभार वक्तव्य उनके पौत्र राम लखन गुप्त पत्रकार एवं कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार गुप्त 'अश्क' ने किया. आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार मधुकर द्विवेदी ने फिर भी ज्वाला प्रसाद की स्मृति पर चर्चा करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की.

## चार वर्ष से दफन है स्वप्रेरणा निगरानी की फाइल

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 फरवरी, ग्राम रामपुर तहसील नईगढ़ी की शासकीय भूमि खसरा नंबर 203 रकवा 18.35 एकड़ वर्ष 2022 से स्वप्रेरणा निगरानी फाइल जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय मऊगंज में दफन है.**

इस संबंध में समस्या बताते हुये ग्राम रामपुर, तहसील नईगढ़ी जिला मऊगंज निवासी रामाधार वर्मा पिता राधेलाल वर्मा ने बताया कि वर्ष 2022 में उपरोक्त आराजी की जमीन को स्वप्रेरणा निगरानी में लाने बावत् न्यायालय कलेक्टर रीवा को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था. जिस पर कलेक्टर मऊगंज द्वारा प्रकरण दस्तावेज जांच उपरांत प्रकरण मूलत: स्थल जांच हेतु 07.10.2022 को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय मऊगंज को भेजा था लेकिन इतना समय बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक उपरोक्त स्वप्रेरणा निगरानी प्रकरण लंबित है और उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है. कलेक्टर मऊगंज के कार्यालय में तथा जनसुनवाई में प्रेषित किया लेकिन कोई काम नही हुआ.

# पीएमश्री विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य को नोटिस

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 13 फरवरी, पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ में रंगाई-पुताई के नाम पर 4,83,050 रुपये की राशि में कथित घोटाले का मामला सामने आया है.**

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई उक्त राशि के संबंध में गंभीर अनियमितताओं की शिकायत पर रीवा संभाग के आयुक्त द्वारा प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनय कुमार मिश्रा को नोटिस जारी किए जाने की जानकारी सामने आई है. शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि विद्यालय में रंगाई-पुताई कार्य के नाम पर जारी की गई राशि का दुरुपयोग किया गया. साथ ही निर्माण कार्यों में भी वित्तीय गड़बड़ी किए जाने, विद्यालय परिसर में मौजूद पुरातात्विक महत्व के पत्थर व ढोका सामग्री की कथित बिक्री, तथा एक स्टेशनरी फर्म को वर्ष भर में लाखों रुपये का संदिग्ध भुगतान कर राशि की वसूली किए जाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं. नोटिस के बाद हडकम्प मचा है.

## अवैध खनिज परिवहन पर की गई कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 फरवरी, खनिजों के अवैध परिवहन उत्खनन पर नियंत्रण के उद्देश्य से मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन में सहायक खनिज अधिकारी सुनीत राजपूत द्वारा वाहनों की चेकिंग की गई.**




चेकिंग के दौरान गिट्टी परिवहन में लिप्त ट्रेलर वाहन जप्त कर खनिज के अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण निवारण नियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई तथा पकड़े गये ट्रेलर को पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया.

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक कल

मऊगंज, 13 फरवरी, मुख्य सचिव द्वारा आगामी 19 फरवरी को ली जाने वाली समीक्षा बैठक के तारतंम्य में कलेक्टर संजय कुमार जैन 15 फरवरी को विभागीय योजनाओं की बैठक लेंगे. कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर शाम 4 बजे से आयोजित बैठक में विभागीय अधिकारियों को पालन प्रतिवेदन की जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

## अवैध बिक्री पर रोक के लिए टीम तैनात

मऊगंज, 13 फरवरी, मऊगंज जिले में पेट्रोल तथा डीजल की अवैध बिक्री के संबंध में मिल रहे शिकायतों के निराकरण के लिए कलेक्टर संजय कुमार जैन ने सभी अनुभागों में टीमें तैनात की हैं. तैनात टीम पेट्रोलियम नियम 1934 पेट्रोलियम नियम 2002 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 तथा मोटर धस्प्रट एवं हाई स्पीड डीजल आदेश 2005 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करेंगा. टीम का लीडर संबंधित अनुभाग के एसडीएम को बनाया गया है. मऊगंज तहसील के लिए एसडीएम राजेश मेहता, नायब तहसीलदार नीरज कुमार दुबे, जेएसओ अनिल गुप्ता तथा नाप तौल निरीक्षक सचिन सोनी को तैनात किया गया है.

# मऊगंज जिला किसान कांग्रेस संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 फरवरी, मऊगंज जिले के अंतर्गत हनुमना एसडीएम को मऊगंज जिला किसान कांग्रेस के द्वारा किसानों मजदूरों एवं देश हित के विरुद्ध केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय ट्रेड डील के विरोध में ज्ञापन पत्र सौपा गया है.**




देश के किसानों एवं छोटे व्यापारियों मजदूरों को निश्चित तौर पर हानि होगी जिसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा जिसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व विधायक मऊगंज सुखेन्द्र सिंह बन्ना के मार्गदर्शन में किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उमाकांत पटेल के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष हरीलाल आदिवासी की उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी हनुमना को ज्ञापन सौंपा गया. जिसमें जहां उल्लेख किया गया है कि वर्तमान समय में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित की जा रही अंतरराष्ट्रीय ट्रेड डील देश के किसानो छोटे व्यापारियों मजदूर वर्ग एवं आम जनता के हितों के प्रतिकूल है इस ट्रेड डील के माध्यम से विदेशी कंपनियों को अनावश्यक लाभ पहुंचाया जा रहा जबकि अपने देश में किसानों में दो बोरी यूरिया के लिए लाठियां खा रही है और सरकार विदेशी किसानों के लिए टैक्स फ्री आयत बाजार खोल रही है देश का अन्नदाता किसान पहले से ही कर्ज महंगे और फसल नुकसान से जूझ रहा है. जिसमें बताया गया है कि विदेशी कृषि उत्पाद सस्ते दामों पर देश में आएंगे जिससे किसानों की उपज के भाव गिरेंगे देश की कृषि आत्मनिर्भरता कमजोर होगी छोटे व्यापारी एवं स्थानीय उद्योग बंद होने के कगार में पहुंच जाएंगे,

झबहुराष्ट्रीय कंपनियों का एकाधिकार बढ़ेगा जिससे आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ेगा हमें यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि देश का किसान किसी भी ऐसी ट्रेड डील को शिकार नहीं करेगा,जो उसकी आजीविका फसल के उचित मूल्य और देश की संप्रभुता के खिलाफ हो. ज्ञापन पत्र सौंपते समय माग की गई है कि समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो किसान उग्र आंदोलन प्रदर्शन करने को मजबूर होगे।इस दौरान जहां जनपद सदस्य मुन्ना भैया पैपखार ब्लाक अध्यक्ष हनुमना वीरेंद्र मिश्र,निलेश केशरी बच्चा भैया, सरपंच शिवराज सिंह दिव्याकांत त्रिपाठी सहित पदाधिकारी शामिल रहे.